राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2024
नमूना प्रश्न पत्र
कक्षा–8
विषय – हिंदी

अवधि – 2.30 घण्टे पूर्णांक – 80

@RSCERT, NOT TO BE REPUBLISHED

वस्तुनिष्ठ प्रश्न–सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए।

प्रश्न–1 बस की यात्रा पाठ के आधार पर 'बस का ड्राइवर बाल्टी में पेट्रोल रखकर नली से इंजन में भेजने लगा।' क्योकि– 1

(अ) बस बन्द पड गई थी (ब) पेट्रोल भरने का और कोई साधन नहीं था

(स) पेट्रोल की टंकी में छेद हो गया था (द) पेट्रोल कम था ( )

प्रश्न–2 पुडुकोट्टई (तमिलनाडु) की महिलाओं ने स्वाधीनता, आजादी, गतिशीलता की अभिव्यक्ति के लिए प्रतीक रूप में किसें चुना ? 1

(अ) स्कूटर को (ब) साईकिल को

(स) कार को (द) बस को ( )

प्रश्न–3 ओस की बूंद हवा में किस कारण उड़ जाती है? 1

(अ) सूर्योदय के कारण (ब) ठंड के कारण

(स) रात होने के कारण (द) बरसात के करण ( )

प्रश्न–4 'दिवानों की हस्ती' पाठ के आधार पर छककर क्या पीते हैं– 1

(अ) दुख के घूँट (ब) हँसी के घूँट

(स) सुख–दुख के घूँट (द) दर्द के घूँट ( )

प्रश्न–5 सुदामा किसके बारे में पूछ रहे थे ? 1

(अ) श्री कृष्ण के बारे में (ब) द्वारिका के बारे में

(स) भोजन के बारे में (द) अपने परिवार के बारे में ( )

प्रश्न–6 सौरभ हवा में तैरते हुए पक्षियों की <u>पाँखों</u> पर तिरता है। रेखांकित शब्द का अर्थ है– 1

(अ) पवन (ब) पर्वत (स) पंख (द) पसीना ( )

प्रश्न–7 'प्र' उपसर्ग का प्रयोग करने पर नवीन शब्द बनेगा– 1

(अ) प्रगति (ब) प्रहार (स) प्रदीप्त (द) उपर्युक्त सभी ( )

प्रश्न–8 गीता मधुर गीत.................. है। रिक्त स्थान के लिए उपर्युक्त क्रिया पद का प्रयोग कीजिए–1

(अ) सुनाएगी (ब) सुनेगी (स) सुनाती (द) सुना ( )

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न (9 से 14 तक)

प्रश्न–9 बाज नदी में जाकर क्यों गिर पड़ा ? 2

उत्तर– ....

....

प्रश्न–10 साइकिल चलाने से पुडुकोट्टई (तमिलनाडु) की महिलाओं को कौन से आर्थिक फायदे हुए? 2

उत्तर– ....

....

प्रश्न–11 ''यह कठिन समय नहीं है'' इस कथन के पक्ष में एक तर्क दीजिए– 2

उत्तर– ....

....

प्रश्न–12 सुदामा द्वारका को चकित होकर क्यों देख रहे थे ? 2

उत्तर– ....

....

प्रश्न–13 निम्न लिखित मुहावरों का अर्थ बताकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए– ½ + ½+ ½+ ½ = 2

(i) आँधी के आम होना

अर्थ..

वाक्य में प्रयोग..

(ii) चार चाँद लगाना

अर्थ..

वाक्य में प्रयोग..

प्रश्न–14 जीवन का विलोम शब्द मरण है। निम्न लिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। 1+1 = 2

(क) सुखद................................ (ख) साधारण...

लघूत्तरात्मक प्रश्न (15 से 22 तक)

प्रश्न–15 काँच की चूडियों को पहनने वाली औरतों के प्रति बदलू काका के क्या विचार थे ? 4

उत्तर– ....

....

....

प्रश्न–16 ''साइकिल चलाना मेरा अधिकार है।'' महिला के इस बात के पक्ष में तर्क दीजिए। 4

उत्तर– ....

....

....

....

@RSCERT, NOT TO BE REPUBLISHED

प्रश्न–17 सड़क पर चलते समय क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए ? कोई चार सावधानियाँ लिखिए। 4

उत्तर– ....
....
....
....

प्रश्न–18 आप अपने शरीर के अंगों की सफाई पर किस प्रकार ध्यान देते है ?लिखिए। 4

उत्तर–..
....
....
....

प्रश्न–19 निम्नलिखित विशेषण शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य निर्माण कीजिए। 1+1+1+1=4

उत्तर –

(i) सफेद ....
(ii) सुन्दर..
(iii) गहरा..
(iv) साफ..

प्रश्न–20 नीचे लिखे पंद्याश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 4

कछु भाभी हमको दियो, सो तुम काहे न देत।
चाँपि पोटरी काँख में, रहे कहो केही हेतु।।

उत्तर – सप्रसंग व्याख्या..
....
....
....
....

प्रश्न–21 निम्नलिखित शब्दों का उनके सामने दिए शब्दों में से उचित अर्थ का चयन कर मिलान कीजिए– 1 X 6 =6

उत्तर–

खंड क	खंड ख
(i) ज्ञान	(क) दस
(ii) दिसी	(ख) जानकारी
(iii) दहुँ	(ग) दिशा
(iv) बैरी	(घ) गुस्सा
(v) आपा	(ड) दुश्मन
(vi) क्रोध	(च) अहम्

@RSCERT, NOT TO BE REPUBLISHED

प्रश्न–22 दिए गए कोष्ठक में से उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(मोहि, तन, परताप, गुरुमातु, घर, केवल, दोउ, दिवस) 1 X 6 =6

उत्तर – (क) हम तो..............................यह आंकते हैं।

(ख) किती बार.................................दूध पियत भई।

(ग) दुपहर दिवस जानि............................सूनो।

(घ) सीस पगा न झँगा.................................. में।

(ड) आगे चना ....दए ते।

(च) प्रभु के ....तें दाख न भावत।

प्रश्न–23 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+2+2=8

भारतवर्ष ने कभी भी भौतिक वस्तुओं के संग्रह को बहुत अधिक महत्त्व नहीं दिया है, उसकी दृष्टि से मनुष्य के भीतर जो महान आंतरिक गुण स्थिर भाव से बैठा हुआ है, वही चरम और परम है। लोभ–मोह, काम–क्रोध आदि विचार मनुष्य में स्वाभाविक रूप से विधमान रहते हैं, पर उन्हें प्रधान शक्ति मान लेना और अपने मन तथा बुद्धि को उन्हीं के इशारे पर छोड़ देना बहुत बुरा आचरण है।

(क) भारत में किस बात को अधिक महत्त्व नहीं दिया ?

उत्तर –..

....

(ख) मनुष्य के भीतर स्वभाविक रूप से कौनसे विचार विधमान रहते हैं ?

उत्तर –..

....

(ग) सबसे बुरा आचरण क्या है ?

उत्तर –..

....

(घ) नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश में से ढूंढकर लिखिए–

(i) अस्थिर.. (ii) अवगुण..

@RSCERT, NOT TO BE REPUBLISHED

प्रश्न–24 आप राउप्रावि किशनगढ के विद्यार्थी मोहित / आशा हैं। आप बीमार हैं। अपने प्रधानाध्यापक को तीन दिवस के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 8

अथवा

दो मित्रों के बीच पुस्तकें खरीदने के विषय में आपसी 4 संवाद लिखिए।

रमेश–सोहन तुम्हारें हाथ में क्या है ?

सोहन– मेरे हाथ में पुस्तकों से भरा थैला है।

(i) रमेश..
(ii) सोहन..
(iii) रमेश..
(iv) सोहन..
(v) रमेश..
(vi) सोहन..

(vii) रमेश..

(viii) सोहन..

प्रश्न–25 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। 8

(क) कम्प्यूटर का बढ़ता प्रभाव

(ख) वनों के संरक्षण की आवश्यकता

(ग) स्वच्छ भारत मिशन

(घ) खेलों का शारीरिक विकास में योगदान

. उत्तर –...
....
....
....
....
....
....
....
....
....
....
....
....

@RSCERT, NOT TO BE REPUBLISHED

@RSCERT, NOT TO BE REPUBLISHED